किस्म मुकदमा रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र संख्या 04/2022

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
09.11.2022	वकुलाय फरिकेन उपस्थित। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पर बहस के दौरान कथन किया कि न्यायालय के संमक्ष जैरकार अपील मे दिनांक 30.05.2022 को पेशी मुकर्रर थी। दिनांक 30.05.2022 को राजस्व मण्डल अजमेर की सर्किट बैच बीकानेर आई थी। अपीलान्ट के अधिवक्ता राजस्व मण्डल की बैच में व्यस्त होने के कारण न्यायालय द्वारा प्रकरण में सुनवाई के लिए आवाज लगवाई जाने पर उपस्थित नही हो सकें। अपीलान्ट के अधिवक्ता जानबूझकर देरी नही की है। अतः रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार कर पत्रावली को रेस्टोर किया जावे। अभिभाषक अप्रार्थी ने बहस के दौरान कथन किया कि अपीलान्ट के अधिवक्ता दिनांक 30.05.2022 को अन्य न्यायालयो में उपस्थित थें। इनके द्वारा उपस्थित नही होने पर न्यायालय द्वारा पत्रावली में अदम हाजरी अदम पैरवी मे आदेश पारित किया गया है वो सही है। अतः रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र खारिज किया जावे। हमने रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र एवं बहस पर मनन किया। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र तथा बहस के आधार पर न्यायहित में रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र स्वीकार कर आदेश दिनांक 30.05.2022 को रिकॉल किया जाकर अपील को रेस्टोर किया जाता है। रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र मूल अपील के साथ सलग्न हो। अति. संभागीय आयुक्त बीकानेर	